एनसीएसटी ने आदिवासियों पर समीक्षा बैठक की

हैदराबाद, एजेंसी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने राज्य में आदिवासियों के कल्याण...

अगला लेख

Newswrap ● हिन्दुस्तान टीम,नई दिल्ली

Fri, 19 May 2023 09:20 PM

हमें फॉलो करें

हैदराबाद, एजेंसी।

ऐप पर पढ़ें

विज्ञापन

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने राज्य में आदिवासियों के कल्याण की समीक्षा के लिए शुक्रवार को तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने बैठक की अध्यक्षता की।

एनसीएसटी ने बयान में कहा, आयोग ने पाया कि राज्य सरकार को आदिवासियों से संबंधित कई मुद्दों पर तत्काल विचार करने की जरूरत है। आयोग ने राज्य सरकार से आदिवासी भूमि से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे विस्थापन, भूमि का आवंटन और उनकी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आयोग ने राज्य सरकार से अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए कदम उठाने और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चिकित्सा व अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का आग्रह किया।

यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।